लोक सभा अध्यक्ष ने श्री कल्याण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली

नई दिल्ली, 09 जुलाई, 2021 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। श्री कल्याण सिंह जी का वर्तमान में लखनऊ में इलाज चल रहा है।

अपने ट्वीट संदेश में श्री बिरला ने कहा, "राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह जी की अस्वस्थता की जानकारी मिली। मैं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ व दीर्घायु की प्रार्थना करता हूँ।"